कार्यालय प्राचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय लालसोट, दौसा

कमांकः– *दिनांकः–19.11.2020*

आनन्दम –परिचय

आनन्दम विषय पूर्णतया अनिवार्य एवं आकलित विषय है, जिसे वर्तमान सत्र 2020–21 से स्नातक प्रथम वर्ष और स्नातकोत्तर पूर्वार्ध कक्षाओं के लए लागू होगा ,तथा अगले सत्र से अगली कक्षाओं में उत्तरोत्तर लागू होता रहेगा। आनन्दम पूर्णतया प्रयोगात्मक विषय है, अतः इसके लिए कोई लिखित परीक्षा नहीं होगी। इस विषय को प्रारम्भ करने का उद्देश्य विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाना है, ताकि वे अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को समझ सकें। शिक्षा का उद्देश्य केवल सूचनाएं प्रदान करना नहीं अपितु संवेदनशील नागरिकों का विकास करना है, जिसमें शिक्षण संस्थान विशेष रूप से उच्च शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

यह विषय पूर्ण रूप से देने और साझा करने की खुशी पर आधारित है, अतः आनन्दम् विषय का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम विद्यार्थी द्वारा व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर किए गए अच्छे कार्य है। इस विषय का पूर्णांक 100 है। मुल्यांकन व्यक्तिगत और समूह परियोजनाओ पर आधारित होगा तथा वैकल्पिक विषयों के समान ही अंक परीक्षाफल में जुड़ेगे।

इस विषय के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को दो प्रकार की गतिविधियाँ करनी होगी –

1 व्यक्तिगत स्तर पर

2 समूह स्तर पर

व्यक्तिगत गतिविधि में विद्यार्थी को प्रतिदिन समाजहित या जरूरतमंद व्यक्ति के लिए कुछ अच्छा कार्य करना है। इसके लिए विद्यार्थी को एक दैनिक डायरी रखनी होगी, जिसमें वह स्वयं द्वारा किए गए अच्छे कार्य को प्रतिदिन लिखेगा व निर्धारित कालांश में मेंटॉर को बताएगा। आवश्यकतानुसार फोटो व वीडियों भी दिखा सकता है। समुह प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ डायरी भी जमा करानी होगी।

समूह गतिविधि में 10 छात्राओं का समूह समाज या जरूरतमंद लोगों को लाभ पहुँचाने वाली परियोजना पर काम करेगा तथा निर्धारित प्रारूप में प्रोजेंक्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

प्राचार्य 19-11-20
राजकीय कन्या महाविद्यालय
लालसोट (दौसा)